# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

## Special 25 Questions for Current Affairs 23/03/2019

**Q1.** निम्न में से कौन सा पूर्व क्रिकेटर ने हाल ही में भाजपा में शामिल हो गया है?

क. वीरेंदर सहेवाग

ख. गौतम गंभीर

ग. विराट कोहली

घ. एमएस धोनी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर हाल ही में भाजपा में शामिल हो गए है. उन्होंने वित्त मंत्री अरुण जेटली और रविशंकर प्रसाद की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली साथ ही उन्होंने कहा है की “मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा”.

SarkariExam.Com

**Q2.** निया के खुशहाल देशों की रैंकिंग में भारत सात पायदान नीचे खिसकर कौन से स्थान पर पहुच गया है?

क. 40वें

ख. 90वें

ग. 140वें

घ. 250वे

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के द्वारा जारी की गयी दुनिया के खुशहाल देशों की रैंकिंग में भारत सात पायदान नीचे खिसकर 140वें स्थान पर पहुच गया है. इस सूची में लगातार दुसरे बर्ष फिनलैंड पहले स्थान पर रहा है. इस मामले में भारत पडोसी देश पाकिस्तान से भी पिछड़ गया है.

**Q3.** राष्ट्रपति नूरसुलतान नज़रबायेव के सम्मान में किस देश ने अपनी देश की राजधानी का नाम बदलकर नूरसुलतान रख दिया है?

क. जापान

ख. कजाखस्तान

ग. इराक

घ. ऑस्ट्रेलिया

राष्ट्रपति नूरसुलतान नज़रबायेव के सम्मान में हाल ही में कजाखस्तान की संसद ने देश की राजधानी अस्ताना का नाम बदल कर नूरसुलतान रख दिया है. इसकी घोषणा हाल ही में नए राष्ट्रपति कासिम-जोमात तोकायेव ने की.

SarkariExam.Com

**Q4.** यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिस्पर्धा आयोग ने किस कंपनी पर हाल ही में लगभग 11,760 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है?

क. अमेज़न

ख. फेसबुक

ग. गूगल

घ. बिंग

ऑनलाइन विज्ञापन में अपनी मज़बूत स्थिति के दुरुपयोग को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिस्पर्धा आयोग ने गूगल पर लगभग 11,760 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. गूगल कंपनी ने पिछले 2 वर्ष में तीसरी बार नियमो का उल्लंघन किया है.

**Q5.** अरुणाचल और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए किस पोलिटिकल पार्टी ने हाल ही में 18 प्रत्याशियों की सूची जारी की है?

क. इंडियन कांग्रेस

ख. भारतीय जनता पार्टी

ग. समाजवादी पार्टी

घ. आम आदमी पार्टी

अरुणाचल और सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने 18 प्रत्याशियों की सूची जारी की है. जिसमे से सिक्किम विधानसभा चुनाव भाजपा ने पहली बार सूची जारी की है। इसमें 12 प्रत्याशियों के नाम हैं.

SarkariExam.Com

**Q6.** किस देश की कस्टम ऑटोमोबाइल कंपनी लाज़रेथ (lazareth) ने उड़ने वाली मोटरसाइकिल (LMV 496) बनायीं है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. फ्रांस

फ्रांस की कस्टम ऑटोमोबाइल कंपनी लाज़रेथ (lazareth) ने हाल ही में उड़ने वाली मोटरसाइकिल (LMV 496) बनायीं है. यह मोटरसाइकिल आम मोटरसाइकिल की तरह सड़कों पर भी चेलेगी और साथ ही हेलिकॉप्टर की तरह हवा में भी उड़ान भरेगी.

**Q7.** बांग्लादेश नेवी के संस्थापक कैप्टन एमएन सामंत का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 66 वर्ष

ख. 75 वर्ष

ग. 89 वर्ष

घ. 95 वर्ष

वर्ष 1971 के युद्ध के हीरो और बांग्लादेश नेवी के संस्थापक कैप्टन एमएन सामंत का हाल ही में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उन्होंने बांग्लादेश नौसेना के संस्थापक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

SarkariExam.Com

**Q8.** संयुक्त राष्ट्र की कौन सी ईकाई ने वर्ल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट जारी की है?

क. यूनेस्को

ख. वर्ल्ड बैंक

ग. आरबीआई

घ. नासा

संयुक्त राष्ट्र की ईकाई यूनेस्को ने हाल ही में वर्ल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट जारी की है जिसके मुताबिक विश्व के लगभग 2.1 बिलियन लोगों को अस्वच्छ पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है. इस रिपोर्ट का शीर्षक "Leaving No One Behind" है.

**Q9.** संयुक्त अरब अमीरात में हुए विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत ने कुल कितने मेडल जीते है?

क. 102 मेडल

ख. 205 मेडल

ग. 368 मेडल

घ. 418 मेडल

संयुक्त अरब अमीरात में विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत ने 368 जीते है. विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भारतीय टीम में 284 खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने 154 सिल्वर और 129 गोल्ड मेडल जीते है.

SarkariExam.Com

**Q10.** एक रिपोर्ट के मुताबिक, निम्न में से किसे पिछले वर्ष यौन शोषण की 259 शिकायतें मिलीं है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. भारत सरकार

ग. यूएन

घ .डब्लूएचओ

महासचिव एंटोनियो गुतेरस के द्वारा जारी की गयी एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को यौन उत्पीड़न व दुर्व्यवहार की 259 शिकायतें मिली थीं. वर्ष 2017 के मुकाबले पिछले वर्ष यौन उत्पीड़न व दुर्व्यवहार में 100 से अधिक का इजाफा हुआ है.

**Q11.** अमेरिका के किस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी माइक ट्राउट ने एलए एंजल्स के साथ 2960 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट किया है?

क. क्रिकेट

ख. बेसबॉल

ग. टेनिस

घ. फुटबॉल

अमेरिका के बेसबाल के प्रसिद्ध खिलाड़ी माइक ट्राउट ने हाल ही में 12 वर्ष के लिए अमेरिकन बेसबॉल टीम एलए एंजल्स के साथ 2960 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट किया है. इस कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक उन्हें हर वर्ष 247 करोड़ रुपए और हर हफ्ते 4.7 करोड़ रुपए मिलेंगे

SarkariExam.Com

**Q12.** निम्न में से किस बल्लेबाज को देश का प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है?

क. विराट कोहली

ख. एमएस धोनी

ग. केन विलियम्सन

घ. सुरेश रैना

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को हाल ही में देश का प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है. उन्हें सर रिचर्ड हैडली मेडल' से सम्मानित किया जायेगा. हाल ही में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सलाना अवॉर्ड्स की घोषणा की है.

Q13. हाल ही में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने लगातार कौन सी बार सैफ चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनायीं है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. पांचवी बार

सैफ चैम्पियनशिप के फाइनल में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने लगातार पांचवी बार जगह बनायीं है. उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 4-0 से हराया और सैफ चैम्पियनशिप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की है.

SarkariExam.Com

**Q14.** किस देश में हाल ही में दो मस्जिदों में हुए हमले के बाद देश में हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड देश में हाल ही में दो मस्जिदों में हुए हमले के बाद न्यूजीलैंड ने देश में सभी तरह के हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है और साथ ही सभी असॉल्ट राइफलों की बिक्री पर रोक होगी. जिसमे ऐसे हथियार भी फायर आर्म्स भी शामिल हैं, जिन्हें सेमी ऑटोमैटिक हथियारों में बदला जा सकता है.

**Q15.** लांसेट रिपोर्ट के मुतबिक, पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में किस बीमारी से निपटने के लिए रोधी दवा का सफल परीक्षण किया गया है?

क. टी. बी

ख. एड्स

ग. मलेरिया

घ. थाइरोइड

लांसेट रिपोर्ट के मुतबिक, पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में मलेरिया बीमारी से निपटने के लिए मलेरिया रोधी दवा का सफल परीक्षण किया गया है. इस अध्ययन में लगभग 2,700 लोगों पर प्रयोग किया गया है.

SarkariExam.Com

**Q16.** पीएनबी बैंक के घोटाले के आरोपी नीरव मोदी को हाल ही में किस देश में गिरफ्तार किया गया है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. भारत

ग. इंग्लैंड

घ. साउथ अफ्रीका

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के आरोपी नीरव मोदी को हाल ही में इंग्लैंड के लन्दन शहर में गिरफ्तार किया गया है. ब्रिटेन के वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने 18 मार्च को ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर नीरव मोदी के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया था.

**Q17.** जीएसटी परिषद की 34वीं बैठक हाल ही में किस शहर में आयोजित की गयी है?

क. गोवा

ख. नई दिल्ली

ग. सिक्किम

घ. कानपूर

हाल ही में जीएसटी परिषद की 34वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गयी है. जिसमे किफायती मकानों के लिए 1% और मकानों को छोड़ निर्माणाधीन मकानों पर 5 प्रतिशत की घटी हुई प्रभावी जीएसटी दर पर विचार-विमर्श किया गया है.

SarkariExam.Com

**Q18.** भारत के किस राज्य की पुलिस की स्पेशल सेल ने जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी सज्जाद खान को गिरफ्तार किया है?

क. राजस्थान पुलिस

ख. महाराष्ट्र पुलिस

ग. केरल पुलिस

घ. दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी सज्जाद खान को गिरफ्तार किया है. स्पेशल सेल ने दिल्ली के लालकिला के पास जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी सज्जाद खान को गिरफ्तार किया

**Q19.** मार्च 2019 में कौन सा बैंक लोन डिफॉल्टर्स की 6,169 करोड़ रुपए की संपत्तियां नीलाम करेगा?

क. बैंक ऑफ़ इंडिया

ख. वर्ल्ड बैंक

ग. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

घ. यस बैंक

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) मार्च 2019 में लोन डिफॉल्टर्स की 6,169 करोड़ रुपए की संपत्तियां नीलाम करेगा. यह डिफॉल्टर्स की संपत्तियों की अनुमानित वैल्यू है एसबीआई 22 से 30 मार्च तक ऑक्शन करेगा.

SarkariExam.Com

**Q20.** हाल ही में केन्या के नैरोबी में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा का कौन सा सत्र संपन्न हो गया है?

क. पहला सत्र

ख. दूसरा सत्र

ग. तीसरा सत्र

घ. चौथा सत्र

हाल ही में केन्या के नैरोबी में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा का चौथा सत्र संपन्न हो गया है. जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण से संबंधित वैश्विक समस्याओं के निदान संबंधी उपायों पर चर्चा करना था.

**Q21.** सशस्त्र बलों को जांबाजी और अपने कर्तव्य के पालन में अपना परम योगदान देने वाले सैनिकों को किसने वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. स्मृति ईरानी

ग. एसबीआई

घ. रामनाथ कोविंद

सशस्त्र बलों को जांबाजी और अपने कर्तव्य के पालन में अपना परम योगदान देने वाले सैनिकों को हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दो कीर्ति चक्र और 15 शौर्य चक्र वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया है.

SarkariExam.Com

**Q22.** भारत से जूनियर डेविस कप और फेड कप की मेजबानी छीनकर और किस देश को दे दी गयी है?

क. अमेरिका

ख. इजराइल

ग. इराक

घ. थाईलैंड

बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद होने के कारण भारत से जूनियर डेविस कप और फेड कप की मेजबानी छीनकर थाईलैंड को दे दी गयी है. अंडर-16 डेविस कप में पाकिस्तान सहित दुनिया की 16 टीमों को भारत आना था.

**Q23.** हाल ही में किस आमिर व्यक्ति की नेटवर्थ 20 साल बाद फिर से 100 अरब डॉलर हो गयी है?

क. मुकेश अम्बानी

ख. अनिल अम्बानी

ग. बिल गेट्स

घ. लारी पेज

बिल गेट्स – ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स की नेटवर्थ 1999 के 20 वर्ष बाद हाल ही में 100 अरब डॉलर (6.90 लाख करोड़ रुपए) हो गई है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, अमेजन के फाउंडर और सीईओ जेफ बेजोस की नेटवर्थ 146 अरब डॉलर और फिर दूसरा नंबर बिल गेट्स का आता है.

SarkariExam.Com

**Q24.** पिछले 30 वर्ष से देश की सत्ता में रहे राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव ने किस देश के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. कज़ाख़िस्तान

घ. ऑस्ट्रेलिया

पिछले 30 वर्ष से कज़ाख़िस्तान देश की सत्ता में रहे राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव ने हाल ही में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है वे अभी नूरसुल्तान नज़रबायेव के करीबी माने जाने वाले कासीम-जोमात तोकायेव के पास है.

**Q25.** संयुक्त अरब अमीरात में हुए विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत ने कितने गोल्ड मेडल जीते है?

क. 52 मेडल

ख. 85 मेडल

ग. 115 मेडल

घ. 201 मेडल

संयुक्त अरब अमीरात में हुए विशेष ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों में भारत ने 85 गोल्ड मेडल जीते है. इनमे से भारतीय पावरलिफ्टरों ने 20 गोल्ड मेडल, रोलर स्केटिंग में भारत को 13 गोल्ड मेडल, साइकिलिंग में भारत ने 11 गोल्ड मेडल और ट्रैक और फील्ड में 5 गोल्ड मेडल जीते है

SarkariExam.Com